जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

5 जून, 2023

NIRF-2023: जामिया एक बार फिर भारतीय विश्वविद्यालयों की टॉप 3 रैंकिंग में शामिल

जामिया मिल्लिया इस्लामिया NAAC द्वारा A^{++} मान्यता प्राप्त केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए यह बहुत खुशी की बात है कि इसने एक बार फिर से शिक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF)-2023 रैंकिंग में विश्वविद्यालयों के बीच तीसरी रैंक हासिल की है।

जामिया की वाइस चांसलर प्रो. नजमा अख्तर (पद्म श्री) ने रैंकिंग घोषित करने के लिए मंत्रालय द्वारा आयोजित एक शानदार समारोह में माननीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह से अवार्ड प्राप्त किया।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. नजमा अख्तर ने कहा, “मुझे बहुत खुशी है कि जामिया एक बार फिर देश के शीर्ष 3 विश्वविद्यालयों में शामिल हुआ है। हम विश्वविद्यालय में शिक्षण, लर्निंग और अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। एनआईआरएफ रैंकिंग में हम 2016 में 83वीं रैंक से आगे बढ़कर 2022 में तीसरी रैंक पर पहुंचे थे और इस साल भी हमने इसे बरकरार रखा है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय सभी मानकों पर अपने प्रदर्शन में और सुधार करेगा। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि विश्वविद्यालय के समर्पित संकाय सदस्यों द्वारा उच्चतम गुणवत्ता और शिक्षण के प्रासंगिक, केंद्रित गम्भीर शोध और विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षण कर्मचारियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत के कारण संभव हो पाई है।

कुलपति ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षण, प्लेसमेंट, अनुसंधान आदि के संबंध में बेहतर धारणा को भी दिया। आज विश्वविद्यालय छात्रों की प्राथमिक पसंद वाले संस्थानों में से एक बन गया है, और यह आवेदनों की संख्या में वृद्धि का एक कारण है। कुलपति ने कहा, "आने वाले वर्षों में हम और बेहतर करने की उम्मीद करते हैं।"

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया